प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. एसआईटी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट : डीएम आर एसपी समेत करीब 100 लोगों के बयान रिपोर्ट में किये गये दर्ज।
2. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस हादसे के पीड़ितों के परिवार वालों से की मुलाकात : सरकार से की पीड़ितों को खुले दिल से मुआवजा देने की अपील।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में अन्नपूर्णा हास्पिटल का किया लोकार्पण : कहा– सौ बेड का एक अस्पताल कम से कम पांच सौ लोगों को देता है रोजगार।
4. काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन की तैयारियां तेज : भक्तों को दो नये द्वार से दिया जायेगा प्रवेश, काशी वासियो को अलग गेट से एन्ट्री की मिल सकती है इजाजत।

और

5. बारिश के कारण गोण्डा, श्रावस्ती, संतकबीरनगर और गोरखपुर में आठवीं तक के स्कूल आज रहे बंद : मौसम विभाग ने प्रदेश के नौ जनपदों के लिये जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

––––––––––

हाथरस भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर 15 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट सांपी। रिपोर्ट में डीएम आर एसपी समेत करीब 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईटी को घटना के 24 घंटे के भीतर रिपार्ट सौंपने के निर्देश दिए थे, लेकिन राहत और बचाव कार्य जारी रहने के कारण अधिकारियों ने तीन दिन का समय मांगा था। एसआईटी का गठन हादसे के मूल कारण और लापरवाही व अनदेखियों को उजागर करना था। यह एसआईटी रिपोर्ट एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ और अलीगढ़ कमिश्नर चैत्रा वी के नेतृत्व में तैयार की गई। इस रिपोर्ट में घटनास्थल पर तैनात एक–एक पुलिस व अन्य सभी विभागों के कर्मचारी–अधिकारी, प्रारंभिक सूचना वाले कर्मी, एंबुलेंस कर्मी, डॉक्टर, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, किसान, चश्मदीद, घायल, तहसील और जिला स्तर के अधिकारी, डीएम–एसपी आदि तमाम लोगों के बयान शामिल हैं।

एसआईटी के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों, आयोजन से जुड़े लोगों और सेवादारों से बात कर भगदड़ के कारणों का पता लगाया।

हाथरस कांड की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग की टीम बहुत जल्द हाथरस जाएगी और सबूत इकट्ठा करेगी। न्यायिक आयोग की पहली बैठक कल लखनऊ में इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त  न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आयोग के सदस्य के रूप में नामित रिटायर आईपीएस भावेश कुमार सिंह, आईजी कानून व्यवस्था एलआर कुमार और प्रमुख सचिव संसदीय कार्य मंत्री जेपी सिंह के अलावा अपर मुख्य सचिव गृह और डीजीपी मौजूद रहे। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दो दिन के भीतर हाथरस जाकर जांच शुरू की जायेगी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता रायबरली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज हाथरस पहुंचकर भगदड़ में मारे गए पीड़ितों के परिवार वालों से मुलाकात की। पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि हादसे से बह्त सारे परिवार प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से खुल दिल से मुआवजा देने का अनुरोध किया। बाइट..........

*दुख की बात है बहुत परिवारों का नुकसान हुआ है। काफी लोगों की मृत्यु हुई है। मैं इसको अपने भाषण के वीजन से कहना चाहता हूं। मगर प्रशासन की कमी तो रही होगी, गलतियां तो हुई है। उन्हें पता लगाना चाहिये और सबसे जरूरी बात कि कम्पनशेसन सही देना चाहिये। क्योंकि*

*कम्पनशेसन ज्यादा से ज्यादा और मैं यूपी के चीफ मिनिस्टर से विनती करता हूं कि दिल खोल कर कम्पनशेसन करे।*

इससे पहले तीन जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाथरस का दौरा किया था। वे अस्पताल में पीड़ित और उनके परिवारों से मिले थे।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में अन्नपूर्णा हास्पिटल का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के लिये शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, उत्तम आरोग्य का केन्द्र भी उतना ही महत्वपूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि एक सौ बेड का अस्पताल कम से कम पांच सौ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। बाइट.......

*हास्पिटल कम से कम 5 सौ लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है 5 सौ लोगों का यह रोजगार एक मायने रखता है, यानी 5 सौ परिवार एक उस हास्पिटल पर निर्भर हो करके अपनी आजीविका का संचालन भी करते हैं यानी सेवा भी हो गई स्वावलम्बन भी उसके साथ जुड़ गया। इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिये राजकीय समन्वयन मैं मानता हूं कि एक गरीब से गरीब व्यक्ति भी चाहता है कि उसको अच्छी चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो। आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रारम्भ की है। 2019 से लाखों लोगों ने इस सुविधा का लाभ लिया। करोड़ों लोग देश के अन्दर आज इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं।*

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर के हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान में कैंसर

मरीजों के लिए लाई गई नई रेडिएशन मशीन का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने खुशी जताई कि गोरखपुर में भो कैंसर मरीजों के लिए नई आधुनिक मशीन लाई गई है, जिससे कैंसर के मरीजों को इलाज में काफी मदद मिलेगी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बस्ती में मंडलीय समीक्षा बैठक की। बैठक मे संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़। बैठक में मुख्यमंत्री ने बस्ती के विकास, कानून व्यवस्था के साथ बाढ़ और कावड़ यात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियो को निर्देश दिया कि त्योहारों में सतर्कता बरतने के साथ बांधो की मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जाये और बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जायें। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत भी की।

———————

नीट–पीजी प्रवेश परीक्षा 2024 अगले महीने की 11 तारीख को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने आज परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस परीक्षा को पिछले महीने परीक्षा की निर्धारित तिथि से एक दिन पहले स्थगित कर दिया गया था। यह निर्णय कुछ प्रतियोगी

परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर लगे आरोपों को ध्यान में रखते हुए लिया गया।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर स स्वागत है।

—————————

नीति आयोग की ओर से चलाए जा रहे सम्पूर्णता अभियान में प्रदेश के 8 जिलों और 68 विकास खंडों को शामिल किया गया है। तीन महीने तक चलने वाला सम्पूर्णता अभियान 30 सितंबर को समाप्त होगा। अभियान के तहत आज ललितपुर जनपद आकांक्षी के ब्लॉक मड़ावरा में आयोजन किया गया। अभियान के तहत छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित मानकों को हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में काम किए जाएंगे।

उधर, पीलीभीत जिले के आकांक्षी विकास खंड पूरनपुर में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान का शुभारंभ भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने किया। इस मौके पर विधायक ने सभी विभागों के अधिकारियों से मिलकर काम करने और तीन माह के तय समय में लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। देवरिया के आकांक्षी विकास खंड गौरी बाजार में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ आज मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पांडेय की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि नीति आयोग की वाईपी आयुषी मेहता ने की। इस मौके पर संबंधित छह इंडिकेटर्स पर तीन माह में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की शपथ दिलाई गई।

चंदौली में जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने आज संपूर्णता अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के सभी आकांक्षी जिलों व आकांक्षी विकास खण्डों में नीति आयोग के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना, कृषि और आजीविका से संबंधित सूचकांकों पर काम किया जाएगा।

——————

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले सावन माह की तैयारी को लेकर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। मंदिर न्यास के एसडीएम शंभू शरण ने बताया कि सावन में बाबा विश्वनाथ के दरबार में काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं को कोइ दिक्कत न हो इसके लिए दो नए

द्वार से भक्तों को प्रवेश दिया जायेगा। इसके अलावा छाया और पेयजल की भी पूरी व्यवस्था रहेगी। काशीवासियों को एक अलग द्वार से प्रवेश देने की व्यवस्था भी प्रस्तावित है, लेकिन इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है। बाइट...........

*सावन की तैयारियों के मद्देनजर हम लोगों ने पूरी व्यापक व्यवस्था बनाई है। इन टू इंड बैरी कैटिंग रहेगी, दो नये डोर हम प्रप्रोज कर रहे है। चार नम्बर डोर पर थोड़ी भीड़ लग जाती थी, उसके लिये हम शेखू गली से और पिनाक भवन के पीछे से एक नया रास्ता रहेगा। इसके अतिरिक्त पूरा धाम तीन जोन में बंटा रहेगा। सारे दर्शनार्थियों को हम बैरिकैटिंग में जिग जैक में लायेंगे। पीने के पानी की व्यवस्था, मेडिकल की व्यवस्था, रेम्प की व्यवस्था, पंखे की ये सारी व्यवस्था सुचारू रहेगी। हमारी पूरी कोशिश ये रहेगी कि दर्शनार्थी लाइन में लगे तो मैक्सिम 30 से 35 मिनट में बाबा का दर्शन उन्हें प्राप्त हो सके।*

———————

उत्तर प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण गोण्डा, श्रावस्ती, संतकबीरनगर और गोरखपुर में आठवीं तक के स्कूल आज बंद रहे। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। विभाग की ओर से बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, शाजहांपुर, पीलीभीत, बरेली और रामपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जनपदों में मेघ गर्जना,

व्रजपात के साथ भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा राजधानी लखनऊ समेत हरदोई, अयोध्या, मऊ, अलीगढ़, रायबरेली समेत अन्य जनपदों में हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 72 घंटों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

(समाप्त)